सृजन ओ.डी.एल.एस. के बारे में संभावित प्रश्न व उत्तर
Frequently asked questions (FAQs)

स.क्र	प्रश्न	उत्तर
1	ऑन लाइन ड्रग सेल लायसेंस की प्रक्रिया किस दिनांक से लागू की गई है ?	ऑन लाइन ड्रग सेल लायसेंस प्रदाय की प्रक्रिया दिनांक 01 जनवरी 2015 से लागू की गई है।
2	ऑनलाइन ड्रग सेल लायसेंस प्राप्ति हेतु आवेदन कहाँ करना होगा ?	ऑनलाइन ड्रग सेल लायसेंस प्राप्ति हेतु आवेदक को एम.पी.ऑनलाइन के पोर्टल www.mponline.gov.in पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की लिंक पर जाकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना होगा। आवेदन फार्म, को डिजिटल हस्ताक्षरित करके आवेदन जमा किया जाता है।
3	लायसेंस प्राप्ति हेतु आवश्यक दस्तावेज कौन कौन से है?	लायसेंस प्राप्ति हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेजों की सूची एम.पी.ऑनलाइन के पोर्टल पर यूजर मेनूअल में उपलब्ध है।
4	ऑनलाइन लायसेंस प्राप्ति हेतु फीस कैसे जमा होगी?	क्रडिट कार्ड / डेबिट कार्ड / ऑनलाइन जमा होगी।
5	आवेदक को कैसे पता चलेगा की लायसेंस तैयार है, अथवा किस स्तर पर है?	आवेदक को आवेदन करने के पश्चात प्रत्येक स्तर पर स्वजनित मैसेज एवं ई–मेल प्राप्त होते है, एवं आवेदक द्वारा एपलीकेशन ट्रेकर के माध्यम से भी आवेदन की स्थिति / प्रगति प्राप्त की जा सकती है।
6	ऑनलाइन ड्रग सेल लायसेंस प्राप्त करने हेतु दस्तावेजों को किस स्वरूप मे जमा करावे?	ऑनलाइन ड्रग सेल लायसेंस प्राप्त करने हेतु दस्तावेजों को स्कैन कर अपलोड करना है एंव प्रोपरायटर का डिक्लेरेशन एवं फार्मासिस्ट का एफिडेविट अपलोड करना है जिसका प्रारूप यूजर मेनूअल पर उपलब्ध है।
7	एम.पी.ऑनलाइन के पोर्टल का चार्ज क्या है?	नवीन औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति प्रदाय हेतु एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल का चार्ज 150 रूपये प्रति आवेदन है, एवं औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति नवीनीकरण हेतु एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल का चार्ज 100 रूपये प्रति आवेदन है।
8	डिजिटल साइन क्या है?	डिजिटल साइन एक इलेक्ट्रॉनिकली प्रेषित दस्तावेज है, जिसमे एक डिजीटल कोड होता है जो एक प्रेषक की पहचान को सत्यापित करता है।

9	क्या आवेदन करने के बाद फार्म 19 मे कोई परिवर्तन किया जा सकता है?	नहीं।
10	एक से अधिक पार्टनर होने कि स्थिति मे डिजिटल हस्ताक्षर किसके मान्य होगें?	किसी भी एक पार्टनर के, जिसको पावर ऑफ अटोर्नी दी गई हो।
11	ऑनलाइन इनक्लूजन हेतु यूजर आई–डी एंव पासवर्ड कैसे प्राप्त होगा?	यूजर आई–डी एंव पासवर्ड की प्राप्ति हेतु आवेदक को अधिकारी के कार्यालय मे ई–मेल के माध्यम से आवेदन करना पडेगा।
12	इनक्लूजन की फीस क्या है?	प्रति आयटम लायसेंस फीस 300 रूपये एवं पोर्टल फीस 25 रूपये है।
13	Query के पुनः जमा करते समय क्या पनः पोर्टल फीस ली जावेगी?	हां। 100 रूपये प्रति आवेदन।
14	क्या होलसेल लायसेंस एवं रिटेल लायसेंस हेतु एक साथ ऑनलाइन आवेदन दिया जा सकता है ?	जी हा।
15	ऑन लाइन इनक्लूजन की प्रकिया कब से लाग है	दिनांक 26.01.2015 से लागू है।
16	आवेदित उत्पाद का इन्क्लूजन न होने की स्थिति में सचना कैसे प्राप्त होगी।	क्वेरी लेटर ऑनलाइन ही प्राप्त होगा।